भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3493
उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालय

3493. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव उर्फ
डॉ. के. पी. यादवः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में काम करने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को वहां केंद्रीय विद्यालय न होने के कारण अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;
(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और
(ग) सरकार द्वारा इन कठिनाइयों को हल करने के लिए मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) : जी, नहीं। वर्तमान में दो केंद्रीय विद्यालय नामत: मुंगावली और चंदेरी, फतेहाबाद, मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में कार्यात्मक हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि अशोक नगर जिले में नया केवी खोलने के लिए मध्य प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****